तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 3 नवंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गुकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 बस्तर ओलंपिक के समापन में विजेता...



12 एग्रीस्टेक पंजीयन अवधि बढ़ाने की मांग सीएम से ...




## खबर संक्षेप

### हनुमान चालीसा पढ़ी और पूजा-अर्चना की



**कांकेर।** ग्राम जामगांव में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा हनुमान की पूजा कर हनुमान चालीसा का पाठ और आरती किया। छत्तीसगढ़ महतारी और भारत माता की पूजा भी की गई। इस अवसर पर जिला सह मंत्री धर्मेंद्र सुराजिया, प्रखंड सह संयोजक मंत्री मनीष बघेल, गौकरण सिन्हा, खंड मंत्री सह सतीश राठौर, मंत्री हरीश ठाकुर, अमन ध्रुव, राजेश सुरुजिया और दुर्गा वाहिनी की प्रखंड संयोजिका भावना सिन्हा, सह संयोजिका आरुषि नाग, खंड सह सत्संग प्रमुख दामिनी यादव, झरना यादव सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय पशु मेला आज मुसुरपुट्टा में

**बासनवाही।** जिला स्तरीय पशु मेला 3 नवम्बर को ग्राम मुसुरपुट्टा में विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्य में होगा। पशु मेला में गाय, बैल, भैंस, बकरी, मुर्गा, मुर्गी, कुत्ते आदि पशुओं को सम्मिलित करने की अपील की गई है। मेले में पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे तथा पशुओं की स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और उपचार संबंधी सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एलके ठाकुर ने बताया कि यह मेला पशुपालकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा, जिससे पशुपालन व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा।



### शराब जब्त, राजापुर का कोचिया गिरफ्तार

**कांकेर।** दूध नदी स्टाप डेम कांकेर के किनारे में एक व्यक्ति बाजारू थैला में देशी प्लेन शराब रखकर अवैध रूप से देशी शराब बिक्री कर रहा है कि जानकारी मुखबिर ने पुलिस को दिया। पुलिस छापामार कार्यवाही करने 2 नवंबर को दोपहर 2 बजें मौके पर पहुंची जहां एक व्यक्ति अपने कब्जे में लाल काला रंग का थैला में कुछ रखकर इधर उधर घूम रहा था। पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा। राजापारा कांकेर निवासी 40 वर्षीय शत्रुघन चौरसिया पिता स्व. नारायण चौरसिया के कब्जे से 10 पौवा देशी शोले प्लेन शराब जिसकी कीमत 800 रूपएं को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### हर्षोल्लास के मनाई गई ब्लॉक स्तरीय गोपाष्टमी



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम हाटकोंदल में रविवार को ब्लॉक स्तरीय गोपाष्टमी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, भक्ति और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। गांव में सुबह से ही वैदिक मंत्रोच्चार और ढोल-नगाड़ों की ध्वनि वातावरण में गूँजती रही। कार्यक्रम में कलश सजाओ, श्रीकृष्ण अलंकरण, भजन तथा नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें क्षेत्र के कई गांवों की महिलाओं, विद्यार्थियों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। पर्व के तहत ग्रामीणों शेष पेज 10 पर

---

**कार्रवाई : जिला पुलिस को तलाश है 30 नक्सलियों की, दो बड़े लीडर के साथ घूम रहे**

# कांकेर जिला राज्योत्सव के बाद नक्सली फागू व रूपी के खिलाफ आपरेशन की तैयारी में पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- समर्पण नहीं करने वाले 30 नक्सलियों का डाटा जुटाने में पुलिस सक्रिय
- मानपुर आरकेबी डिविजन प्रमुख विजय रेड्डी मुठभेड़ के मारे जाने के बाद से रूपी रहै नाराज

जिले में सक्रिय नक्सलियों की कंपनी, एरिया कमेटी और दलम के अधिकतम नक्सली लीडर और सदस्य हथियार डालकर पुलिस के शरण में आ चुके है, परंतु लगभग 30 नक्सली अभी भी कांकेर जिले के जंगल में भटक रहे है। जंगल में भटक रहे बड़े लीडर में रूपी रेड्डी और फागू कड़ियाम का नाम सामने आ रहा है। आपरेशन में जाने वाले टीम में यह चर्चा है कि अब शांति रास्ते पर नहीं आने वाले नक्सलियों के लिए राज्योत्सव के बाद फिर से आपरेशन शुरू हो सकता है।

जानकारी के अनुसार कांकेर पुलिस ने 2020 में नक्सलियों के रिकार्ड का खुलासा किया था, उसके अनुसार रूपी मेढ़की एलजीएस कमांडर थी। 2024 की बैठक में इसके कद को बढ़ाया होगा। 2024 में जो कद बढ़ाया गया, उसका रिकार्ड नहीं होने के कारण यह स्पष्ट नहीं है कि रूपी का अभी कैडर क्या है, परंतु यह आंध्रप्रदेश की निवासी है। इसकी उम्र लगभग 45 के आसपास होगी, वहीं पुलिस के पास रूपी का किसी भी तरह की फोटो नहीं है। रूपी आरकेबी डिवीजन प्रमुख रहे विजय रेड्डी की पत्नी है।

मानपुर जिले में कई माह पहले आरकेबी डिवीजन प्रमुख विजय रेड्डी मुठभेड़ में मारा गया था, उसके बाद से रूपी पुलिस से नाराज है, ऐसा समर्पण करने वाले नक्सलियों के मध्य हुई चर्चा से खुलासा हुआ है। कांकेर जिला में सक्रिय नक्सली में दूसरा नाम फागू मड़ियाम है, जो पहले मिलिट्री कंपनी नंबर 05 का उप कमांडर था और दक्षिण बस्तर का निवासी है। मिलिट्री कंपनी नंबर 05 के कमांडर राजू सलाम ने लगभग 20 दिन पहले अपनी टीम के साथ जगदलपुर में समर्पण कर चुका है, उसके साथ विचारों में समन्वय नहीं होने के कारण उपकमांडर फागू मड़ियाम समर्पण करने नहीं आया। फागू मड़ियाम अब कंपनी नंबर 05 का कमांडर बन गया है। दोनो बड़े नक्सली के साथ रहने वाले लगभग 30 नक्सली समर्पण के लिए सामने नहीं आ रहे है, यह आंकड़ा कम या ज्यादा भी हो सकता है।


आपरेशन : पुलिस ग्रामीणों के माध्यम से पतासाजी करने में जुटी

कांकेर के बिनागुंडा इलाके में सक्रिय तीस नक्सलियों की सरगर्मी से तलाश

कुएमारी एवं किसकोड़ो एरिया कमेटी खत्म जिले का आधे से ज्यादा जंगल हुआ आजाद

### दक्षिण बस्तर में कर सकत हैं समर्पण

फागू मड़ियाम लंबे समय से कांकेर जिले में सक्रिय है और कंपनी नंबर 05 में था। इसके बारे में कांकेर जिले के अंदरूनी गांव में ग्रामीणों के मध्य चर्चा है कि वो समर्पण करने को तैयार है, परंतु दक्षिण बस्तर में समर्पण करेगा। ग्रामीणों ने समझाया कि इस जिले में काम किए हो तो, कांकेर जिले में ही समर्पण करना ठीक रहेगा, परंतु वो ग्रामीणों की बात मानने को अभी तक तैयार नहीं हुआ। यह बात सामने आ रही है कि जिन ग्रामीणों से फागू से संवाद हुआ, अब उनसे भी उसका संपर्क एक सप्ताह से नहीं हो पा रहा है।

### 29 को हुआ था आपरेशन

कांकेर, नारायणपुर और बीजापुर पुलिस ने 29 अक्टूबर का संयुक्त आपरेशन चलाया था। इस आपरेशन में रूपी और फागू के साथ मुठभेड़ होने की अफवाह उड़ी थी। दोनो नक्सलियों के समर्पण नहीं किए जाने से अब कांकेर पुलिस सक्रिय मूड में आ सकती है और इन दोनो के खिलाफ आपरेशन लांच कर सकती है। यह भी चर्चा है कि राज्योत्सव के बाद दोनो नक्सलियों को खोजने के लिए कांकेर पुलिस जंगल की ओर जा सकती है। पुलिस के आला अफसर इस मामले में किसी भी तरह से अधिकृत जानकारी देने से बच रहे है, वहीं आपरेशन में जाने वालों के मध्य इस बात को लेकर चर्चा बनी हुई है।

---

## कापसी रेंज कार्यालय में लटका रहता है ताला एवं रेंजर नदारद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजुर



कापसी रेंज का कार्यालय कापसी में नही खुलने से आसपास गाँव में निवासरत ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पखांजूर में सुरक्षा का हवाला देकर अस्थाई रूप से पखांजूर में वन परिक्षेत्र कार्यालय लगा कर कापसी रेंज कार्यालय को संचालित किया जा रहा है, जिसके चलते रेंज अंतर्गत कापसी गांव के आसपास के रहवासियों को परेशानी के साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों की ज्वलंतशील समस्याओं को लेकर कापसी के ग्रामीण ने ऐसेबेड़ा सुशासन तिहार में आवेदन लगाकर कापसी में वन परिक्षेत्र कार्यालय खोलने की मांग किया था। आवेदन के बाद वन विभाग द्वारा निरीक्षण कर पंचनामा तैयार कर समस्या का समाधान न करते हुए आवेदनकर्ता से हस्ताक्षर करवाने का प्रयास किया गया था। आवेदनकर्ता ने हस्ताक्षर करने से इंकार करते हुए कहा कि जब तक कार्यालय कापसी में पूरी तरह से नही खुलेगा, तब तक हम हस्ताक्षर नही करेंगे। ऐसेबेड़ा में 23 मई 2025 को सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर लगाया गया था, जिसमे जिला के कलेक्टर भी मौजूद थे। समाधान शिविर बीत जाने के बाद भी वन विभाग के अधिकारी सुशासन तिहार के समाधान को ठेंगा दिखा रहा है। ग्रामीण कमलेश, अमित मंडल, अनुकूल, राकेश साहा आदि ने बताया कि विभाग के अधिकारी के द्वारा आनन फानन में कार्यालय का शुभारंभ किया गया, लेकिन आज तक कामकाज प्रारंभ नही किया गया। उपवन मंडल (एसडीओ) कार्यालय कापसी मुख्यालय में है, परंतु रेंज कार्यालय कापसी में संचालित नही किया जा रहा।

### रेंजर नहीं दे रहे ध्यान

ग्रामीणो ने बताया की रेंजर को वन विभाग से संबंधित काम के लिए फोन लगाया जाता है, तो आम लोगों को फोन नही उठाते है। रेंजर कापसी मुख्यालय में नही रहते, जिसके चलते हमें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध पर वन परिक्षेत्र अधिकारी कापसी देवदत्त तारम से उनके दूरभाष नं 9479181800 में संपर्क किया गया उनके द्वारा फोन रिसीव नही किया गया।

### कार्यालय को शुरू किया जाएगा

इस संबंध में वन मंडल पश्चिम भानुप्रतापपुर हेमचंद पहारे ने कहा की कार्यालय कापसी में रोजना खुलते है। भवन में कुछ काम शेष है पूरे होते ही कार्यालय को पूरी तरह से सिप्ट कर कामकाज शुरू किया जाएगा।

---



## साहू एवं यादव समाज के भवनों का विधायक ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

- विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने ट्यूबवेल खनन की मांग पर फौरन दी सहमति

तहसील साहू समाज एवं तहसील यादव समाज दुर्गुकोंदल के नव-निर्मित सामाजिक भवनों का लोकार्पण 2 नवंबर को एक गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण समारोह में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी थीं। समारोह की अध्यक्षता तहसील साहू समाज दुर्गुकोंदल के अध्यक्ष अरुण साहू ने की। उन्होंने विधायक से भवन परिसर में टीन शेड निर्माण की मांग रखी, ताकि बड़े आयोजनों में लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके। वहीं जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ई ने परिसर में ट्यूबवेल एवं विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह किया, जिस पर विधायक ने तुरंत संज्ञान लेते हुए ट्यूबवेल स्वीकृति की घोषणा की।

मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने अपने उद्बोधन में कहा कि दुर्गुकोंदल में विभिन्न समाजों के भवनों का एक ही परिसर में निर्माण एक अत्यंत सकारात्मक कदम है। इससे सामाजिक समरसता, संगठन की मजबूती और सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन में एकरूपता आएगी। उन्होंने कहा कि समाज की शक्ति उसकी एकजुटता में निहित है, और इस प्रकार के प्रयास क्षेत्र की पहचान को और सशक्त बनाते हैं। समाज की मांग पर उन्होंने तहसील परिसर में 5 लाख रुपये की लागत से टीन शेड निर्माण की घोषणा किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त शेष पेज 10 पर

## भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा

**पखांजूर।** नपं पखांजूर वार्ड क्रमांक 06 में काली पूजा के अवसर पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर बंगाली पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। कलश यात्रा वार्ड क्रमांक 06 काली मंदिर से प्रारंभ होकर नगर होते हुए सत्यानंद आश्रम भ्रमण करती हुई राधे राधे की जयकारा लगाते हुए अंजलि नाला से जल भरकर कथा स्थल पर पहुंची। बंगाली समाज की महिलाओं के साथ सर्व समाज महिलाएं भी बंगीय वेशभूषा पारंपरिक नृत्य से लोगों का मन मोह लिया। इस सात दिवसीय आयोजन में कथा वाचन का कार्य कथावाचक बंकिम महाराज द्वारा किया जाएगा। आयोजक समिति के सदस्य कविता विस्वास,शिप्रा कर्माकर,सुनीता मंडल,मनीषा ढाली, सुप्रिया चक्रवाती,गौत्तम कुंडू आदि के द्वारा कथा स्थल को दीपों एवं विशेष रूप से सजाया है। रोजना भागवत कथा का पाठ संध्या से रात्रि 10 बजे तक किया जाएगा। कथा उपरांत भक्त बिंदुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में माता, बहने सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## प्रकाश उत्सव से पूर्व निकाली जा रहीं प्रभात फेरियों में सिख समाज के श्रद्धालुओं का तांता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

**फेरियों में श्री गुरुनानक देवजी और भगवान झूलेलाल के भजन-कीर्तन की धूम**



प्रकाश पर्व के आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह चरम पर है। बीते तीन दिनों से प्रभात-फेरियों का सिलसिला लगातार जारी है, जिसने वातावरण को पूरी तरह से आध्यात्मिक बना दिया है। सुबह की पहली किरण के साथ ही सड़कों पर निकले श्रद्धालुओं के कीर्तन और जो बोले सो निहाल के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं एवं सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि प्रकाश पर्व केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है। गुरुनानक जयंती के पूर्व सिंध समाज कांकेर द्वारा हर रोज़ प्रातः 5 बजे पूज्य सिंधु गुरूदारे से प्रभात फेरी निकाली जा रही है। इस महान पर्व पर समाज की ओर से प्रभात फेरियों को बहुत महत्व दिया जाता है, जिसका पुण्य लाभ सभी को होता है। श्री गुरुनानक देवजी और इष्टदेव भगवान झूलेलाल के भजन कीर्तन करते हुए समाज की महिलाओं एवं जाती है। शहर के प्रमुख स्थानों से होते हुए वापिस पूज्य सिंधु गुरुद्वारे में प्रभात फेरी का समापन होता है। सुबह की प्रभात फेरी में अजय पप्पू मोटवानी, राकेश मोटवानी, चंद्रपाल जशनानी, मुकेश मूलचंदानी, सच्चानंद भाषवानी, अनिल भाषवानी, नानक पंजवानी, सोमेश असरानी, स्पर्श मंगलानी आदि ने अत्यंत सक्रियता एवं उत्साह का प्रदर्शन किया। महिलाओं एवं बच्चों में भी भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। गुरुनानक जयंती 5 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी का सिलसिला चलता रहेगा।

### परमात्मा का सिमरन सबसे उत्तम कार्य



प्रभात-फेरी में शामिल श्रद्धालुओं ने बताया कि प्रकाश पर्व का यह समागम उन्हें आत्मिक शांति और ऊर्जा प्रदान करता है। एक श्रद्धालु ने कहा कि सुबह का समय परमात्मा के सिमरन के लिए सबसे उत्तम है। प्रभात-फेरी में चलना ऐसा लगता है जैसे मन और आत्मा दोनों का शुद्धिकरण हो रहा हो। बुजुर्ग महिला ने बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से बिना रुके प्रभात-फेरी में शामिल हो रही हैं। गुरु महाराज की कृपा से यहां हर साल प्रेम और सेवा का वातावरण बन जाता है। नई पीढ़ी को इसमें शामिल होते देख मन खुश हो जाता है।

---

**एनएच बनने से कांकेर से महाराष्ट्र तक होगा सीधा संपर्क**

# 300 गाँवों की जीवन रेखा बने राज्य मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में उन्नयन की उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- विधायक विक्रम उसेंडी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी से की मुलाकात





अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विक्रम उसेंडी एवं अंतागढ़ क्षेत्र के पंचायत व नगर पंचायत पदाधिकारियों ने रविवार 2 नवंबर को नागपुर में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़क राज्य राज्यमार्ग क्रमांक 25 और राज्य राज्यमार्ग क्रमांक 06 का उन्नयन कर राष्ट्रीय राज्यमार्ग का दर्जा देने की माँग केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखी। विधायक विक्रम उसेंडी ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि अंतागढ़ क्षेत्र कांकेर जिले का सघन आदिवासी एवं बंग बंधु बाहुल्य इलाका है। वर्षों तक नक्सल प्रभाव वाले क्षेत्रों में शामिल रहने के चलते यहाँ आवागमन शेष पेज 10 पर

### महाराष्ट्र से जुड़ जाएगा परलकोट

विधायक ने कहा कि राज्य राज्यमार्ग क्रमांक 25 एवं 06 की स्थिति इस समय अत्यंत जर्जर है। इस वर्ष हुई अतिवृष्टि से सड़क के कई हिस्सों में कटाव और गंभीर क्षति दर्ज की गई है, जिससे ग्रामीणों के दैनिक आवागमन में भारी दिक्कतें उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के ग्रामीणों की लंबे समय से यह प्रमुख माँग रही है कि दोनों मार्गों को राष्ट्रीय राज्यमार्ग के रूप में विकसित किया जाए, ताकि कांकेर जिला सीधे तौर पर महाराष्ट्र राज्य से राज्यमार्ग के माध्यम से जुड़ सके। इससे न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि व्यापार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार भी तेजी से संभव हो सकेगा।

### केंद्रीय मंत्री ने दिया सकारात्मक आश्वासन

नितिन गड़करी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सड़क मंत्रालय द्वारा मामले का गंभीरता से परीक्षण किया जाएगा। उन्होने मामले की गंभीरता को देखते हुए आश्वासन दिया कि प्रस्ताव पर आवश्यक पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी व दूरस्थ क्षेत्रों के विकास के लिए सुगम और सुरक्षित सड़कें अत्यंत आवश्यक हैं, इस दिशा में मंत्रालय प्राथमिकता से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि यदि तकनीकी व प्रशासनिक स्तर पर मार्ग योग्य पाया जाता है, तो इसे राष्ट्रीय राज्यमार्ग में परिवर्तित करने की दिशा में कदम बढ़ाए जाएंगे।

## लाख निकालने से रोका तो भड़के आरोपी, परिजनों को दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज, विवेचना जारू



कांकेर थाना क्षेत्र के ग्राम ईरादाह में लाख निकालने को लेकर उत्पन्न विवाद ने गंभीर रूप ले लिया, जहां तीन आरोपियों द्वारा विरोध करने वाले परिवार के साथ धक्का-मुक्की कर उन्हें जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना से पूरे गांव में तनाव की स्थिति बन गई है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। कांकेर थाना में पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए ईरादाह निवासी 37 वर्षीय श्रवण कोरेटी ने बताया कि वे खेती-किसानी का कार्य करते हैं और अपने घर की बाड़ी में कुसुम के पेड़ पर लाख तैयार किया है। 1 नवंबर की सुबह लगभग 8 बजे गांव के फरस राम मातलाम, उमेल कोरेटी एवं सुखी कावड़े अचानक वहां पहुंचे और कुसुम पेड़ में लगी लाख को काटने लगे। श्रवण कोरेटी के अनुसार लाख को काटने का विरोध करने पर तीनों आरोपी आक्रोशित हो गए और उन्हें व उनके परिवार को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने श्रवण कोरेटी, उनकी पत्नी व बेटी सारा के साथ धक्का-मुक्की की, जिसके चलते तीनों जमीन पर गिर पड़े और घायल हो गए। पीड़ित शेष पेज 10 पर

# ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी ढंग से लागू करने पर दिया जोर

## राज्य सलाहकारों ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा के लिये राज्य सलाहकार रूपेश राठौर और मधुरिमा ने जिला पंचायत कोण्डागांव का दौरा किया। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई से योजना के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत चर्चा की। राज्य सलाहकारों द्वारा जिला पंचायत में आयोजित बैठक में जिला एवं जनपद स्तर के अधिकारियों को स्वच्छ संकल्प अभियान 2025 के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया गया। बैठक में सलाहकारों ने कहा कि घर–घर अपशिष्ट संग्रहण में लगे स्वच्छाग्रहियों को 15वें वित्त आयोग से नियमित मानदेय दिया जाए, ताकि कायोंर् में निरंतरता बनी रहे। सभी सामुदायिक शौचालयों के उपयोग और रखरखाव के लिए ग्राम पंचायतों को 15वें वित्त आयोग की डाइड फंड से आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिले में स्वच्छ संकल्प अभियान 2025 की प्रगति पर चर्चा



**जियो टैगिंग और समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश :** राज्य सलाहकारों ने सभी निर्माण कार्यों का जियो टैगिंग और पीडीएफएटी अपलोडिंग निर्धारित समय–सीमा में करने पर जोर दिया। उन्होंने कोण्डागांव जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत हो रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में और अधिक प्रगति लाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।

## खबर संक्षेप

### धुमधाम से मना छग स्थापना दिवस और एकादशी पर्व



**फरसगांव।** क्षेत्र में 01 को नवंबर को छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस और एकादशी पर्व बड़े हर्षोल्लास के मनाया गया। इस पर्व के लिए लोगों ने अपने घरों में रंगोलिया बनाकर सजाया, दीपक जलाये, लाइट की लड़िया लगाई और घरों को रौशन किया। लोगों ने कहा इस साल दो पर्व एक मनाने को मिला है, आज ही के दिन हमारे छत्तीसगढ़ की स्थापना हुई थी आज पुरा 25 वर्ष हो गया हो वहीं आज एकादशी का भी पर्व है, छत्तीसगढ़ वासियों में एक साथ दुगनी खुशी दुगुना उत्साह देखने को मिल रहा है, इस अवसर पर घरों को रौशन कर रंगोलियों से सजाया और दोनों पर्व को धूमधाम से मनाया गया।

### नगरीय क्षेत्र में बस्तर ओलम्पिक होगा आज से




**कोण्डागांव।** जिले में बस्तर ओलम्पिक 2025 का आयोजन जोन स्तर पर 30 अक्टूबर से जारी है। अब इस श्रृंखला में नगरपालिका परिषद कोण्डागांव क्षेत्र के खिलाड़ियों की बारी है। नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डों के खिलाड़ी 3 नवम्बर सोमवार को आयोजित प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। पुरुष वर्ग 17 वर्ष से अधिक के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। केवल ऑनलाइन पंजीकृत खिलाड़ी ही प्रतियोगिता में भाग ले पाएंगे। आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों को पहचान पत्र के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। नगरीय क्षेत्र में आयोजित होने वाले बस्तर ओलम्पिक में विभिन्न खेलों का आयोजन निम्न स्थानों पर किया जाएगा खो–खो एवं रस्साकसी, एनसीसी मैदान एथलेटिक्स प्रतियोगिता, नगर पालिका स्टेडियम, कनेरा रोड कबड्डी एवं वॉलीबॉल ऑडिटोरियम के पीछे स्थित मैदान आर्चरी तीरंदाजी खेलो इंडिया सेंटर कराते टाउनहॉल बैडमिंटन ऑडिटोरियम के बगल में बैडमिंटन कोर्ट, फुटबॉल विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के साथ आयोजित किया जाएगा।

## सौगात: जिला अस्पताल में दीदी की रसोई का शुभारंभ

# मरीजों और परिजनों को अस्पताल में मिलेगी सस्ता, स्वच्छ और घर जैसे भोजन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- विधायक लता उसेंडी और कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने किया उद्घाटन

जिला अस्पताल परिसर में आज 'दीदी की रसोई' कैंटीन का शुभारंभ विधायक सुश्री लता उसेंडी और कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने संयुक्त रूप से किया। यह रसोई बिहान योजना के अंतर्गत शिव स्व–सहायता समूह की छह महिलाओं द्वारा संचालित की जाएगी। इसका उद्देश्य अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को सस्ती, स्वच्छ और पौष्टिक भोजन सुविधा प्रदान करना है। अस्पताल में शुभारंभ के दौरान कैंटीन में आने वाले मरीज या परिजन अपना राशन देकर भी भोजन बनवा सकते हैं, जिससे उन्हें घर जैसा स्वाद और सुविधा दोनों मिल सके। विधायक सुश्री उसेंडी ने कहा यह स्थान कुछ महीने पहले जर्जर अवस्था में था, लेकिन आज यह एक आकर्षक और साफ–सुथरी कैंटीन में बदल गया है। यह बदलाव महिलाओं की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने महिलाओं से भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि यह पहल महिला सशक्तिकरण की वास्तविक मिसाल बनेगी। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं के आर्थिक उत्थान के लिए कई योजनाएँ चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा महिला सशक्तिकरण की परिभाषा तब साकार हुई जब राशन कार्ड महिलाओं के नाम पर बनने लगे। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएँ भी महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में अहम हैं। उन्होंने उपस्थित महिला —षकों से संवाद करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, प्रेम सिंह नाग, कुलवंत चहल, मनोज जैन, दीपेश अरोरा, हर्षवीर ढिल्लन, ननकी वैष्णव, तथा सीईओ जिला पंचायत अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### अस्पताल आने वालों को मिलेगी बड़ी राहत

नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि अब अस्पताल में आने वाले ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों को भोजन की समस्या नहीं झेलनी पड़ेगी। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बताया कि अस्पताल में आने वाले बच्चों, बुजुर्गों और परिजनों की भोजन संबंधी चिंता दूर करने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की गई है। कोई भी व्यक्ति दाल, चावल या आर्थिक सहयोग देकर इस सेवा में योगदान दे सकता है। इस अवसर पर शहर के गोपाल दीक्षित ने अपने स्वर्गीय पिता की पुण्यतिथि पर 5100 रुपए का दान कर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।





### महिलाओं के लिए आय का नया जरिया

दीदी की रसोई न केवल एक सेवा केंद्र है बल्कि महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम भी है। बिहान समूह की छह महिलाएँ इस कैंटीन का संचालन कर रही हैं, जिससे उन्हें नियमित आय का स्रोत प्राप्त होगा। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को रोजगार, सम्मान और आत्मविश्वास प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी।

### टिफिन सेवा और रात्रि विश्राम की सुविधा भी उपलब्ध

जिला मिशन प्रबंधक एनआरएलएम विनय सिंह ने बताया कि इस रसोई के माध्यम से न केवल मरीजों और परिजनों को भोजन मिलेगा, बल्कि चिकित्सकों के लिए टिफिन सेवा भी उपलब्ध होगी। इसके साथ ही मरीजों के परिजनों के लिए रात्रि विश्राम के लिए मात्र 10 रुपए प्रतिरात्रि की दर से ठहरने की व्यवस्था भी की गई है।

### अटल चौक में मोमबत्ती जलाकर भाजपाइयों ने मनाया राज्य स्थापना दिवस



**फरसगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज फरसगांव नगर स्थित अटल चौक पर भाजपाइयों ने मोमबत्ती जलाकर राज्य स्थापना दिवस मनाया. भाजपाइयों ने बताया कि आज से 25 साल पहले देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने छत्तीसगढ़ राज्य का स्थापना किया था, जिसे लेकर आज फरसगांव भाजपा मंडल के द्वारा उन्हें याद कर छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। वहीं भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रवीण बदेशा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस छत्तीसगढ़वासियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का निर्माण हुआ था। यह दिन राज्य के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और हमें राज्य के विकास और समृद्धि के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देता है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, पार्षद संगीता राव भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज पांडे महामंत्री प्रवीण राव वरिष्ठ भाजपाई सुरेश जयसवाल दीपेंद्र मसीह, देवेंद्र निषाद सहित अन्य भाजपा युवा नगर वासी मौजूद रहे।

# ट्रक समेत 36 लकड़ी गोला और 3 चैन शॉ मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- ओडिशा बॉर्डर पर पकड़ा गया अवैध लकड़ी परिवहन

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर तथा केशकाल अनुविभागीय दंडाधिकारी आकांक्षा नायक के मार्गदर्शन में 1 नवंबर की देर शाम एक बड़ी कार्रवाई की गई। तहसील क्षेत्र बड़ेराजपुर अंतर्गत हल्दा गांव (ओडिशा बॉर्डर) के पास सूचना पर अवैध रूप से काटे गए आम के 36 लकड़ी गोला, 03 नग चैन शॉ मशीन और अवैध परिवहन में संलिप्त ट्रक क्रमांक सीजी 06 एम 0786 को जब्त किया गया है। विभाग से मिली जानकारी अनुसार क्षेत्र में लंबे समय से हरे-भरे पेड़ों को अवैध तरीके से काटकर उनके बिना दस्तावेजी कार्यवाही के परिवहन किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। इस सूचना पर केशकाल अनुविभागीय दंडाधिकारी आकांक्षा नायक के मार्गदर्शन में बड़ेराजपुर तहसीलदार फणेश्वर सोम के नेतृत्व में राजस्व विभाग, वन विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई।



### ट्रक से मिलीं बिना दस्तावेज लकड़ी और मशीनें

संयुक्त टीम द्वारा बड़ेराजपुर-बासकोट-गम्हरी मार्ग पर अवैध परिवहन की जांच की गई । कोरगांव तहसील बड़ेराजपुर जांच के दौरान हल्दा गांव (ओडिशा बॉर्डर) के पास बासकोट की ओर आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 06 एम 0786 को रोककर उसके दस्तावेज मांगे गए, किंतु मौके पर सोमी नेताम, पिता लखमू नेताम, ग्राम कोरगांव द्वारा वाहन से किसी भी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। जांच में उक्त वाहन में 36 नग आम की लकड़ी के गोले और काटने के लिए प्रयुक्त 3 चैन शॉ मशीन पाई गईं। इसके बाद राजस्व, वन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने ट्रक सहित लकड़ी और मशीनों को जप्त कर लिया है। आगे की कार्रवाई संबंधित विभाग द्वारा की जा रही है।

# सोनाबाल स्कूल में छात्र- छात्राओं की रचनात्मक प्रस्तुति ने सबका मन जीता

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर शासकीय प्राथमिक शाला सोनाबाल के छात्र- छात्राओं ने एक अनोखी रचनात्मक पहल करते हुए छत्तीसगढ़ महतारी की सजीव प्रतिमूर्ति तैयार की जिसने विद्यालय परिसर को राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक गौरव से सराबोर कर दिया। विद्यालय के प्रधान अध्यापक ईश्वरी कौमार्य जो अपनी रचनात्मक और सृजनात्मक कलाओं के लिए जाने जाते हैं ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे छत्तीसगढ़ महतारी के रूप में अपनी कला और भावनाओं को अभिव्यक्त करें। उन्होंने बताया कि इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, देशप्रेम और सांस्कृतिक गर्व की भावना विकसित करना है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य शासन द्वारा विविध सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।




राज्योत्सव के तहत 1 नवंबर से 5 नवंबर तक पूरे प्रदेश में दीप प्रज्वलन, भवन सज्जा, कीड़ा उत्सव, न्योता भोज और लोककला आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यालय के इस रचनात्मक आयोजन को भी इसी राज्योत्सव श्रृंखला का प्रेरक उदाहरण माना गया।

**कक्षा 4 व 5 के विद्यार्थियों ने निभाई प्रमुख भूमिका –** विद्यालय के कक्षा 4 और 5 के विद्यार्थी महक, हीना, बेदबती, भारती, साक्षी, भावना, अखिलेश तथा अन्य बच्चों ने मिलकर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमूर्ति को फूल, रंग और पारंपरिक वेशभूषा से सुसज्जित किया। इस सृजन में बच्चों ने सामूहिक रचनात्मकता, टीम वर्क और कलात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**सन 1954 से शिक्षा का दीप जला रही है सोनाबाल शाला –** ज्ञातव्य है कि शासकीय प्राथमिक शाला सोनाबाल क्षेत्र की एक ऐतिहासिक संस्था है जिसकी स्थापना सन 1954 ईस्वी में हुई थी। यह विद्यालय आज भी ग्रामीण अंचल में शिक्षा, संस्कृति और रचनात्मकता का केंद्र बना हुआ है। विद्यालय परिसर में हुए इस आयोजन को ग्रामीणों और अभिभावकों ने भी देखा और सराहा। बच्चों की प्रस्तुति ने यह संदेश दिया कि छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी संस्कृति, मातृभूमि और मेहनतकश जनता में बसती है।

### जैन समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

**जगदलपुर।** जैन श्वेताम्बर समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह शनिवार को ओसवाल भवन में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं ओसवाल जैन श्वेताम्बर महिला मंडल के मंगलाचरण के साथ किया गया। प्रारंभ में जैन युवा संघठन के अध्यक्ष जयेश बरड़िया ने स्वागत उद्बोधन दिया। वहीं समाज अध्यक्ष भंवर बोथरा ने अपने उद्बोधन में समाज की भावी योजनाओं की जानकारी दी एवं जैन वाटिका के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी समाज जनों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुऐ आनेवाले समय में समाज के लोग आपस में अधिक जुड़ाव महसूस करें। समाज को विकास की तरह ले जा सके इसके लिए सार्थक चर्चा को बढ़ावा देने के लिए चाय पर चर्चा जैसे कार्यक्रम की शुरूआत की बात कही।

पेज 9 के शेष

### साहू एवं यादव...

किया कि यह परिसर आगे चलकर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों का केंद्र बनेगा। साथ ही उन्होंने समाज के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, युवा विकास और महिलाओं की भागीदारी को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में पूर्व सदस्य गौ सेवा आयोग नरेंद्र यादव, बैजनाथ नरेटी, पार्वती शोरी और विजय पटेल सहित अनेक वक्ताओं ने सामाजिक एकजुटता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सभी ने समाजहित में निरंतर सक्रिय रहने और सकारात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर ग्राम गायता बैजनाथ नरेटी, सविता उईके, केशर शोरी, पूर्व सरपंच पार्वती शोरी, बोधन साहू, चुम्मन साहू, देवीलाल साहू, ओमप्रकाश साहू, मेहतरू यादव, शोपसिंह आंचला, हुमन मरकाम, मुन्ना सिंह, नरेंद्र जैन, घनश्याम शोरी, हृदय बघेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हर्षोल्लास के मनाई...

द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए यादव समाज भवन पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएँ, युवतियाँ और युवा पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। यादव भवन पहुँचकर गौ माता और भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना, दुग्ध स्नान और आरती की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर क्षेत्र की विधायक सावित्री मंडावी रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोपसिंह आंचला, जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि रामू राम मंडावी, सामाजिक नेता रामनारायण यादव, हरिराम यादव, भरतनाथ यादव, माखनलाल यादव तथा अन्य सम्मानित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 300 गाँवों की...

व सड़क विकास की गति बेहद धीमी रही। अब लगातार प्रयासों से यह पूरा जिला नक्सल प्रभाव से मुक्त होने की दिशा में अग्रसर है, ऐसे में विकास कार्यों को गति मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि राज्य राज्यमार्ग 25 ग्राम केंवटी से शुरू होकर दुर्गकोंदल, पखांजूर, बांदे, इरपानार होते हुए महाराष्ट्र सीमा से लगे गढ़चिरौली जिले तक पहुँचता है। इस मार्ग पर बसे करीब 300 गाँवों की आबादी आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगारगत गतिविधियों के लिए इसी सड़क पर निर्भर है। आगे यह मार्ग राज्य राज्यमार्ग 06 से जुड़कर पूरे वनांचल को कांकेर जिला मुख्यालय से जोड़ता है।

### लाख निकालने से...

परिवार का कहना है कि लाख का उत्पादन कई परिवारों की आजीविका से जुड़ा हुआ है और इस प्रकार के विवादों पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फरस राम मातलाम, उमेल कोरेटी और सुखी कावड़े के विरुद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की गतिविधियों की जांच की जा रही है तथा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## ग्राम बांसकोट में तीन दिवसीय बस्तर ओलंपिक खेल का शानदार समापन

# युवा खिलाड़ियों ने दिखाया जोश और प्रतिभा, विजेता किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- बांसकोट जोन में हुआ खेल भावना का शानदार प्रदर्शन

विकासखण्ड बड़ेराजपुर के ग्राम पंचायत बांसकोट स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में आयोजित तीन दिवसीय बस्तर ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। यह प्रतियोगिता 30 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक चली, जिसका उद्देश्य बस्तर क्षेत्र के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना, उनकी खेल प्रतिभा को निखारना और राज्य शासन से सहभागिता बढ़ाना रहा।

समापन कार्यक्रम की शुरुआत पूजा–अर्चना, राज्य गीत और राष्ट्रगान के साथ की गई। मुख्य अतिथि सरपंच मैनवती नाग ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल अत्यंत आवश्यक है। आप सभी ने शानदार प्रदर्शन किया है, इसी तरह आगे भी अपना जज्बा बनाए रखें। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस और देवउठनी पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। इस आयोजन ने न केवल युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि गांवों के बीच सौहार्द और एकता का संदेश भी दियङ्क बांसकोट जोन स्तरीय बस्तर ओलंपिक खेल स्थानीय प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है।






### छह ग्राम पंचायतों के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

प्रतियोगिता में बांसकोट, केरागांव, बालेंगा, हरवेल, धामनपुरी और मारंगपुरी कुल 6 ग्राम पंचायतों के युवा शामिल हुए। खिलाड़ियों ने कबड्डी, खो–खो, गिल्ली–डंडा, रस्सी खींच, लंबी दौड़ लंबी कूद, व्हॉलीबॉल और बैडमिंटन जैसे खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### समापन समारोह में रही इनकी उपस्थिति

समापन अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे मैनवती नाग सरपंच बांसकोट, सुकमन मरकाम सरपंच बालेंगा, राजकुमारी मरकाम सरपंच केरागांव, महेश नेताम सरपंच हरवेल, रविशंकर नेताम सरपंच मारंगपुरी, फुलसिंह नेताम सरपंच प्रतिनिधि धामनपुरी तथा अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी। साथ ही 6 संकुल के समन्वयक हीरालाल बघेल, पुरुषोत्तम नायक, रामप्रसाद नेताम, विशेष पटेल, एवं नोडल अधिकारी चौतराम नेताम उपस्थित रहे।

### विजेताओं को किया गया सम्मानित

विभिन्न वर्गों में विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। महिला वर्ग सीनियर व्यक्तिगत खेल परिणाम 100 मी दौड़ प्रथम भुवनेश्वरी हरवेल, द्वितीय हेमबाई हरवेल 200 मी दौड़ प्रथम भुवनेश्वरी हरवेल, द्वितीय रमिला धामनपुरी 400 मी दौड़ प्रथम ललिता हरवेल, द्वितीय सनवारिन हरवेल लंबी कूद प्रथम हेमबाई हरवेल, द्वितीय कमलेश्वरी हरवेल ऊंची कूद प्रथम सहबती हरवेल, द्वितीय हेमबाई हरवेल जूनियर वर्ग बालक–बालिका कबड्डी बालक प्रथम हरवेल, द्वितीय बांसकोट तवा फेंक बालिका प्रथम धारती हरवेल, द्वितीय भारती हरवेल भाला फेंक बालिका प्रथम दुतिका बालेंगा तवा फेंक बालक प्रथम केशनाथ हरवेल, द्वितीय फुलचंद बालेंगा गोला फेंक प्रथम संतोष कुमार मरकाम बालेंगा भाला फेंक प्रथम रविशंकर बालेंगा रस्सी खींच प्रथम मारंगपुरी, द्वितीय धामनपुरी पुरुष वर्ग कबड्डी प्रथम बांसकोट, द्वितीय धामनपुरी 100 मी दौड़ प्रथम विजय कुमार बालेंगा, द्वितीय अजीत बांसकोट 200 मी दौड़ प्रथम अजीत बांसकोट, द्वितीय अमरसिंह बालेंगा लंबी कूद प्रथम अखिलेश बांसकोट, द्वितीय दुसराम मरकाम बालेंगा तवा फेंक सीनियर प्रथम अनुज हरवेल सामूहिक खेल महिला वर्ग खो–खोरू प्रथम हरवेल, द्वितीय बालेंगा व्हॉलीबॉल प्रथम मारंगपुरी, द्वितीय बालेंगा बैडमिंटन प्रथम रूपेश बालेंगा, द्वितीय केशव नेताम मारंगपुरी रहीं।

## खबर संक्षेप

### आधुनिक कृषि तकनीक की दी गई जानकारी



**बस्तर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक बस्तर के कक्षा 9वी से लेकर 12वीं के कुल 118 छात्रों को राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा व्यवसायिक पाठ्यक्रम कृषि के छात्रों को शैक्षणिक जानकारी एवं औद्योगिक भ्रमण के उद्देश्य से चावड़ा कृषि फार्म रामपाल बस्तर भ्रमण कराया गया। जिसमें कृषक अमित चावड़ा के द्वारा जामुन, मिर्ची एवं ड्रेगन फ़्रूट, ड्रिंप सिंचाई आटोमेटिक पौधा के रोपण से लेकर विपणन तक की जानकारी छात्रों जमीनी स्तर से समझाया गया। जिसमें व्यावसायिक अध्ययनरत छात्रो के साथ संस्था के प्राचार्य पी आर. लॉउत्रे व्यावसायिक शिक्षक असीम देवनाथ, नंद कुमार पटेल, रितेश बघेल, राजू चन्द्रा, भूपेन्द्र कोशरिया, रोशन लाल भारद्वाज, एवं बूददूराम कश्यप उपस्थित रहें। छात्रों के द्वारा कृषक से अनेक प्रश्न किया गया जिसका सहजता से जानकारी मिली। छात्रों की स्वल्पाहार की व्यवस्था कृषि फार्म के संचालक के द्वारा करवाया गया। छात्र भ्रमण के दौरान छात्रों का उत्साह एवं उमंग दिखा।

### विकास कार्यों के ठहराव से जनता में रोष

**दंतेवाड़ा।** क्षेत्र में विकास कार्यों की पूर्ण ठहराव स्थिति पर भारतीय जनता पार्टी के गीदम मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश कश्यप ने आम नागरिकों में व्याप्त आक्रोश को लेकर एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। प्रेस नोट में उन्होंने भाजपा शासन के पिछले 15 वर्षों के विकास कार्य जैसे सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, पेयजल और ग्रामीण विकास में हुए ऐतिहासिक कार्यों की तुलना करते हुए वर्तमान समय में इन कार्यों को पूरी तरह से ठप बताया है। श्री कश्यप ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि उस दौरान दंतेवाड़ा ने विकास की नई ऊँचाइयाँ छुई थीं सड़क, पुल-पुलिया और भवनों का निर्माण हुआ, ग्रामीण अंचलों तक बिजली और पानी पहुँचा, युवाओं के लिए रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर बने, किसान और आमजन का भरोसा शासन पर बना रहा। वर्तमान शासन-प्रशासन के दो साल के कार्यकाल पूर्ण होने जा रही है और क्षेत्र में विकास कार्य की गति उदासीनता और शून्य कार्यप्रगति के कारण अब क्षेत्र में न तो कोई नया कार्य प्रारंभ हुआ है, न ही पुराने कार्य पूरे किए गए हैं। जनता की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



### 6 बीएलओ सुपरवाइजर व कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा।** मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत आज जिला स्तर पर तहसील कटेकल्याण कुआकोंडा, बड़े बचेली, दंतेवाड़ा, गीदम, बारसूर के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसील स्तर के मास्टर ट्रेनर, बी.एल.ओं तथा बी.एल.ओ सुपरवाईजरों, सीएमओ को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण सम्पूर्ण कार्यक्रम एवं प्रक्रिया से अवगत कराया। और मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा घोषित कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने का अवसर प्रदान करना तथा मतदाता सूची को शुद्ध, सटीक एवं अद्यतन बनाना है।

# समस्या से रूबरू होने बाइक से गांव मुनगा पहुंची तुलिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा लगातार अंदुरूनी इलाकों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हो रही है। शनिवार को तुलिका कर्मा धुर नक्सल क्षेत्र चिकपाल के आश्रित पंचायत मुनगा बाईक से पहुंची। मुनगा वह पंचायत है जहां जाने के लिए पैदल या फिर बाईक का सहारा लेना पड़ता है।

■ बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा ग्राम मुनगा

जानकारी देते हुए तुलिका कर्मा ने बताया कि ग्राम मुनगा से प्रतापगिरी तक घाट कटिंग कार्य होने से ग्रामीणों को ब्लॉक मुख्यालय पहुंचने में काफी आसानी होगी। साथ ही ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल हेतु बोरिंग, बिजली सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग की है। तुलिका ने कहा कि ग्राम पंचायत कई वर्षों से विकास की बाट जोह रहा है।

धुर नक्सल क्षेत्र होने के कारण इस गांव में शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा था। ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी सभी समस्याओं को सुन एक प्राक्लन तैयार किया जा रहा है, जिसे उच्च



अधिकारियों से मुलाकात कर जल्द से जल्द स्वीकृत करने का प्रयास भी किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य तुलिका ने आगे बताया कि ग्राम मुनगा में घाट कटिंग नहीं होने से कई ऐसी पंचायत हैं जिन्हें ब्लॉक मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय आने लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। जैस जंगमपाल, प्रतापगिरी, छोटे लखापाल समेत कई ऐसी पंचायत है जिन्हें दंतेवाड़ा पहुंचने सुकमा जिला होकर आना पड़ता है। घाट कङ्कषटंग निर्माण को लेकर पूरी प्रक्रिया का पालन कर प्राक्कलन तैयार हो रहा है उम्मीद है जल्द ही कार्य स्वीकृत होगा। तुलिका ने कहा कि ग्राम मुनगा वासियों ने उप स्वास्थ्य केन्द्र की भी मांग रखी है, जिससे वहां के ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सके।

आपात स्थिति में सबसे बड़ी समस्या एम्बुलेंस गांव नहीं पहुंचती जिसके कारण ग्रामीण घाट में लादकर मरीज को ब्लॉक मुख्यालय लाते हैं। मुनगा वासियों ने तुलिका कर्मा को खुलकर अपनी समस्याएं बताई साथ ही उत्साह के साथ उनका स्वागत भी किया। इस दौरान लखमु नाग,धीरू नाग, सरपंच चिकपाल श्यामा मरकाम,पूर्व सरपंच जितेन्द, लखमु बघेल समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# अब भय नहीं, विकास की पहचान है दंतेवाड़ाः केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25वें जन्मोत्सव राज्योत्सव रजत महोत्सव का शुभारंभ आज जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के मां दंतेश्वरी मंदिर के प्रांगण परिसर मेंढक डोबरा में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी मंत्री कश्यप द्वारा मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर पारंपरिक विधि-विधान से की गई।

■ वन एवं जिले के प्रभारी मंत्री के मुख्य आतिथ्य में राज्योत्सव का हुआ शुभारंभ

इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को राज्योत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्षों में विकास की नई परंपराओं की स्थापना हुई है। राज्य ने प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और यह रजत महोत्सव उन उपलब्धियों का प्रतीक है। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री कश्यप ने कहा कि एक समय था



जब दंतेवाड़ा का नाम सुनते ही भय और असुरक्षा का भाव उत्पन्न होता था, लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। अब जब दंतेवाड़ा से फोन आता है, तो खुशी होती है, क्योंकि अब यह जिला शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य, कृषि, सड़क और विकास के हर क्षेत्र में नई दिशा की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में दंतेवाड़ा सहित समूचे बस्तर क्षेत्र में विकास की रफ्तार तेज हुई है। उन्होंने कहा कि पहले जगदलपुर और कांकेर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई थी, और अब दंतेवाड़ा में भी मेडिकल कॉलेज की नींव रखी जा चुकी है, जो यहां के युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर साबित होगा। जिले में अब सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे आम नागरिक अंतिम छोर तक सहजता से पहुंच सकें। यह परिवर्तन विकास की उस यात्रा का प्रतीक है, जिसमें दंतेवाड़ा अब मजबूती से आगे बढ़ रहा है। नक्सली उन्मूलन के संबंध में उन्होंने आगे कहा कि बस्तर का स्वर्णिम समय अब आ गया है। जब बस्तर नक्सलवाद मुक्त बस्तर कहलायेगा, यहां हमारे प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री की इच्छा शक्ति का परिणाम है। इस अवसर पर मंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा राज्य के 25 वर्षों की विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए उसका अवलोकन भी किया। प्रदर्शनी में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की झलक, जिला प्रशासन के नवाचार, पोषण, शिक्षा, कृषि, पर्यटन और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रों में हुए उल्लेखनीय कार्यों का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों को घर उपलब्ध कराने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि हर परिवार को छत मिले, यही हमारे शासन का संकल्प है।

इसके पश्चात क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने उद्बोधन में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के योगदान का उल्लेख करते हुए मध्यप्रदेश से अलग करके छत्तीसगढ़ राज्य बनाने में उनका देन सदैव अविस्मरणीय रहेगी। अगर बस्तर की बात करें तो पूरे बस्तर जिले में सड़कों का जाल बिछ चुका हैं जहां पहले दंतेवाड़ा से रायपुर जाने में 8 से 9 घंटे लगते थे अब मात्र 6 घंटे में ये दूरी तय हो जाती है। इसके अलावा जिले से जगदलपुर जाने में भी एक घंटा का समय लगता है। यह रोड कनेक्टिविटी विकसित करना बहुत बड़ी उपलब्धि है। शिक्षा के क्षेत्र में विकास का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि छूलो आसमान एवं लक्ष्य जैसे संस्थाओं के चलते आज यहा के युवा डॉक्टर, इंजीनियर, प्रषासनिक सेवाओं अपना योगदान दे रहे है। इसके साथ उन्होंने महतारी वंदन योजना, धन खरीदी, मिलेट फसलों का समर्थन मूल्य वृद्धि, लखपति दीदी योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये सब उपलब्धियों राज्य के बढ़ते विकास प्रतीक है।

इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने भी 25 वर्षों के विकास को अद्वितीय बताते हुए कहा कि आने वाले समय में दंतेवाड़ा जिला देश दुनिया में अपनी एक नयी पहचान बनायेगा। राज्योत्सव के अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने अपने प्रतिवेदन में जिलेवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन हम सभी के लिए अत्यंत गौरव और आनंद का क्षण है। यह केवल उत्सव नहीं बल्कि उस जन यात्रा का प्रतीक है, जो जनता की आकांक्षाओं और सहभागिता से आगे बढ़ी है। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत माता दंतेश्वरी के चरणों में वंदन करते हुए की और कहा कि जब वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ था, तब अपनी पहचान, अपनी भाषा, अपनी संस्कृति और अपने विकास का राज्य का जो सपना देखा गया था, आज दंतेवाड़ा उस सपने को साकार करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

## रजत जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया



**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस रजत जयंती समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के साथ भव्य आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने छत्तीसगढ़ के कलेवा, पर्यटन स्थल, और राज्य की पहचान के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके अलावा गीत, कहानी और कविता के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर मनमोहक प्रस्तुति दी। छात्रों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आचार्यों और बच्चों ने छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर 2000 को राज्य के रूप में स्थापित छत्तीसगढ़ ने अपने विकास के पथ पर उल्लेखनीय प्रगति की है। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने राज्य की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया।

## योग स्पर्धा के लिए डीएवी पॉलिटेक्निक के छात्र का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा के मैकेनिकल इंजीनियरिंग प्रथम सेमेस्टर के छात्र आदर्श सिंह का चयन राष्ट्रीय स्तर एवं अंतर-विश्वविद्यालय योग प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह चयन छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में आदर्श सिंह के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

आदर्श सिंह ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी योग प्रतिभा, अनुशासन और आत्मसंयम का परिचय देते हुए न केवल अपने संस्थान का बल्कि पूरे बस्तर अंचल का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से कॉलेज परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है। संस्थान के प्राचार्य डॉ मुकेश ठाकुर ने आदर्श सिंह को बधाई देते हुए कहा कि आदर्श सिंह ने यह सिद्ध किया है कि दृढ़ निश्चय, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के बल पर विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकता है। योग न केवल शारीरिक और मानसिक संतुलन का माध्यम है बल्कि यह जीवन की समग्र प्रगति का आधार भी है। हम




आदर्श की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करते हैं और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ देते हैं। कॉलेज के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों और प्रबंधन ने भी आदर्श सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि आदर्श सिंह नियमित रूप से योगाभ्यास करते हैं और संस्थान में आयोजित विभिन्न फिटनेस एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक, दंतेवाड़ा सदैव विद्यार्थियों को शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक और योग जैसी सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता रहा है।

## प्रधानमंत्री के स्वागत का बीजापुर के नेता को मिला अवसर...

**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज्योत्सव में आगमन पर स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जी वेंकट ने आत्मीय स्वागत किया। बस्तर के सुदूर बीजापुर जिले के निवासी जी वेंकट भाजपा के कर्मठ नेताओं में गिने जाते है। उन्होंने पार्टी संगठन का आभार माना जब बीजापुर जिले के एक सेवक को प्रधानमंत्री के स्वागत का अवसर मिला।



# केरला कल्चरल एसोसिएशन ने ओणम पर्व धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

लौह नगरी किरंदुल में केरला क्लचरल एसोसिएशन ने आज पारंपरिक और धार्मिक उल्लास के साथ केरला भवन में ओणम का पर्व मनाया गया। यह केरला समाज का सबसे बड़ा और प्रसिद्ध त्यौहार है, जो राजा महाबली की याद में

■ महिलाओं एवं पुरुषों ने पारंपरिक वस्त्र पहनकर उत्सव में आए अतिथियों का किया स्वागत

मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एनएमडीसी अधिशासी निर्देशक रविंद्र नारायण द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों से दीप जलाया गया। केरला क्लचरल एसोसिएशन ने इस कार्यक्रम में विभिन्न समाज एवं संगठन के प्रमुखों को आमंत्रित किया।

इस अवसर पर पूरे केरला समाज के सभी धर्मो के लोग यह ओणम मिलकर मनाते है। कार्यक्रम



स्थल पर फूलों की रंगोली (पुक्कलम) सजाई, शाम को पारंपरिक नृत्य, संगीत का आयोजन हुआ। महिलाओं ने पारंपरिक सफेद-सुनहरी साड़ी (कसावु साड़ी) पहनकर उत्सव में भाग लिया, जबकि पुरुषों ने धोती और सफेद शर्ट धारण किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों और समाज के सदस्यों के लिए विशेष व्यंजन ओणम साध्या परोसे गए, जिसमें केले के पत्ते पर 20 से अधिक तरह के व्यंजन रखे गए थे।

इस अवसर पर किरंदुल केरला क्लचरल एसोसिएशन के अध्यक्ष रीना अब्राहम और सचिव बिनू सैमुअल ने कहा ओणम पर्व केरल राज्य का सबसे बड़ा और प्रमुख त्योहार है और इसे बहुत ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह त्यौहार मुख्य रूप से राजा महाबली की याद में मनाया जाता है ओणम प्रेम, समानता, समृद्धि और एकता का प्रतीक है। यह हमें सिखाता है कि सच्चा राजा वह होता है जो सबको समान रूप से देखे और सबकी भलाई चाहे। इस मौके पर एनएमडीसी अधिशासी निर्देशक रविंद्र नारायण ने भी केरला समाज को ओणम की शुभकामनाएं दीं और इसे एकता समृद्धि और खुशहाली का त्योहार बताया। कार्यक्रम में किरंदुल केरला क्लचरल एसोसिएशन के अध्यक्ष रीना थॉमस, उपाध्यक्ष कुमार माधवन, प्रदीप संकरण, सचिव बिनु सैमुअल, सह सचिव विनोद एस एस, अनिल राजी, कोषाध्यक्ष अजीत टी आर, सह कोषाध्यक्ष दीपा प्रदीप, प्रीति दूधी, कार्यकारणी सदस्य वलसला दत्ता, सिंधु शर्मा, प्रदीपा शंकरन,सुरेश, अमितेश कुमार, अखिल शशिधरण,अनेक लोग उपस्थित थे।

# शिक्षकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड/घाटलोहंगा

शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में शिक्षक सम्मान समारोह तथा विदाई कार्यक्रम प्राचार्य एआर नोन्हारे के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस सामारोह का आयोजन विद्यालय के पूर्व व्याख्याता विजय कुमार मांझी वर्तमान पदोन्नति प्राचार्य तथा पूर्व शिक्षिका मीना देवांगन वर्तमान पदोन्नति व्याख्याता के सम्मान स्वरूप आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना तथा गीत गाकर किया गया तत्पश्चात विद्यालय के



प्रधान अध्यापक प्रद्युत कुमार पाण्डे द्वारा शिक्षको का कार्यानुभव तथा विद्यालय परिवार के साथ बिताए गए समय के बारे में अनुभव साझा किया गया। उन्होंने शिक्षकों को आने वाले समय के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। तत्पश्चात विद्यालय के व्याख्याता समीर मिश्रा ने भी शिक्षकों के छात्राओं तथा विद्यालय परिवार के प्रति समर्पण तथा उनके द्वारा विद्यालय के विकास के लिए किए गए कार्यों को संक्षिप्त रूप में बताया।

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पखांजूर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र./03/अ-2/ 2025-26**
**ग्राम-रविन्द्रनगर, प.ह.नं.- 01**
**हांकेर, तहसील पखांजूर**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री देवाशीष राय पिता स्व. दीनोबंधु राय, निवासी ग्राम पी.व्ही. 17 रविन्द्रनगर, तहसील पखांजूर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ग्राम रविन्द्रनगर, प.ह.नं. - 01 हांकेर में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 529/1 रकबा 0.10 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ हेतु भूमि व्यपवर्तन कराने आवेदन पत्र प्रस्तुत की है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 13/11/2025 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। म्याद बाद प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 30/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
(मुहर) **पखांजूर**

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

CH चटर्जी हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी मो. : 7000627909, 07722296001
Start the Month with savings
40% OFF ON ALL TEST ON 1st OF EVERY MONTH
डॉ. सुधीर चटर्जी
MBBS, MD (Medicine)
CCEBDM (Diabetes)
आयुष्मान कार्ड सुविधा उपलब्ध
डॉ. कृतिका चटर्जी
MBBS, MD (Pathology)
सुविधाएं
कमर दर्द / हाथ पैर दर्द का इलाज
हृदय रोग संबंधित बीमारियों का इलाज
डॉयलिसिस सुविधा
24 HOUR SERVICE
Cardio Diabetic Center
लकवा एवं मिर्गी का इलाज
खून एवं पेशाब जांच की सुविधा
ओपीडी का समय : प्रातः 11 से 5 बजे तक

## खबर संक्षेप

### दूसरे दिन भी कांग्रेस का चला हस्ताक्षर अभियान

**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस के निर्देश पर नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी तथा उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना की उपस्थिति में कांग्रेस का प्रतापदेव वार्ड स्थित भूमि में मल्टीलेवल पार्किंग बनाए जाने की मांग को लेकर दूसरे दिन हस्ताक्षर अभियान हुआ। कोतवाली चौक से शुरू कर लोगों का समर्थन मांगते हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान पार्षदगण, पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

### टमाटर 25 तो फूलगोभी बिकी 100 रुपए किलो में

**जगदलपुर।** मौसम खुला होने से साप्ताहिक बाजार में रविवार को शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के खरीददारों की भीड़ रही। खरीददारों ने बताया कि बाजार में 15 दिन से मटर नहीं मिल रहा है। वहीं व्यापारियों ने बताया कि कुछ दिनों से मटर बाजार में नहीं आ रहा है। इस रविवार को बाजार में टमाटर 25, करेला 80, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 40, भिंडी 80, आलू 30, प्याज 30, अदरक 180, लहसून 250 रूपए किलो और लालभाजी, सरसो भाजी 20 रूपए में 8 जूड़ी बिक रहा है।

### कोतवाली चौक में प्रदर्शन और आक्रोश रैली आज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अमित बघेल द्वारा हिंदू देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी की जा रही है । सिंधियों को पाकिस्तानी कहा जा रहा है । एफआईआर होने के बाद भी अभी तक प्रशासन ने उसे गिरफ्तार नहीं किया है । जिसके विरोध में 3 नवंबर को सुबह 10 बजे सिंधी एवं हिंदू समाज कोतवाली चौक में प्रदर्शन करेगा। पश्चात आक्रोश रैली निकालकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ आज

**जगदलपुर।** विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक के अंतर्गत जगदलपुर विकासखंड के बिलौरी में 3 नवम्बर को प्रातः 11 बजे हाईस्कूल खेल मैदान में शुभारंभ होगा। मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप और अध्यक्षता विधायक किरण देव करेंगे।

### निषाद समाज के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास लोकार्पित

**जगदलपुर।** राज्योत्सव के अवसर पर आज निषाद समाज भवन में मनोहर लाल निषाद महासचिव के मुख्य आतिथ्य में बस्तर निषाद केवट समाज के विद्यार्थियों के लिए सर्व सुविधा युक्त छात्रावास भवन का लोकार्पण किया गया।

## निधन

### हीरोतिन भालेश्वर



**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल के ग्राम लोहत्तर निवासी हीरोतिन भालेश्वर का निधन हो गया, वे कुछ दिनो से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम लोहत्तर में किया गया, जिसमें परिजन, रिश्तेदार एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

---

खेलकूद

**103 गांव के 4317 खिलाड़ियों ने भाग लिया**

# बस्तर ओलंपिक के समापन में विजेता प्रमाण पत्र एवं मेडल से हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पखांजुर



छत्तीसगढ़ शासन एवं खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने, बस्तर संभाग के जनजातीय बहुल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में युवाओं की खेल प्रतिभा को पहचानने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से चार दिवसीय बस्तर ओलंपिक 2025 का आयोजन 30 अक्टूबर से 02 नवबंर तक किया गया।

विकासखंड कोयलीबेड़ा के बस्तर ओलंपिक समारोह टीआर देवांगन एसडीएम एवं मुख्य कार्यपालिका अधिकारी उदय नाग के कुशल नेतृत्व एवं उत्कृष्ट मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में कोयलीबेड़ा ब्लॉक के सभी 103 ग्राम पंचायत के पंचायत स्तर और स्कूल के 7494 खिलाड़ियों ने अपना नाम पंजीयन कराए हैं, जबकि 4317 खिलाडी प्रतियोगिता में भाग लिए हैं। इस आयोजन को दो वर्ग में बांटा गया है। जूनियर वर्ग में 14 से 17 वर्ष के युवक भाग लिए हैं वही सीनियर वर्ग के लिए कोई उम्र बंधन नहीं है।

बस्तर ओलंपिक में विभिन्न खेल एथलेटिक्स विभिन्न लंबाई के दौड़ ,लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेक, तीरंदाजी, कराते एवं बैडमिंटन, फुटबॉल खो-खो,कबड्डी,व्हालीबाल आदि खेलों का आयोजन किया गया जहां पर क्षेत्र के ग्रामीण एवं सुदूर अंचल से आए खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। उपरोक्त खेलों में एकल प्रतिस्पर्धा की खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडीयो एवं सामूहिक प्रतिस्पर्धा की खेलों में विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। पुरस्कार के रूप में उन्हें विजयी मोमेंटो, प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किए गया। सभी विजयी खिलाड़ी जिला मुख्यालय कांकेर में जिला स्तर पर आयोजित होने वाले बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता में भाग लेकर विकासखंड का नेतृत्व करेंगे।

समापन के अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों के उत्साह और खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन आदिवासी ग्रामीण अँचल के प्रतिभाओं को उन्हें राज्य और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मंच प्रदान करते हैं। इस प्रकार के आयोजन से युवाओं में खेलों के प्रति रुचि अनुशासन भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा मिलता है।

इस आयोजन को संपन्न कराने में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्यामवती मांडवी, नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण साहा, उपाध्यक्ष शंकर सरकार, नगर के पार्षदगण, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्तागण, विभिन्न विभागों के अधिकारी वर्ग के गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

### बस्तर ओलंपिक में 5065 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, जिले के लिए हुआ चयन



**भानुप्रतापपुर।** तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक का आयोजन 29 से 31 अक्टूबर तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानु प्रतापपुर के खेल मैदान में संपन्न हुआ। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मोमेंटो, मेडल वितरण किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर अंतर्गत कुल 5065 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें जूनियर वर्ग में 3203, महिला 1391, पुरुष 1812 तथा सीनियर वर्ग में महिला 1238, पुरुष 624 कुल 1865 इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रकार प्रतियोगिता में सामूहिक खेल कबड्डी , खो-खो वॉलीबॉल फुटबॉल रस्सा -कशी तथा एथलेटिक्स व्यक्तिगत खेलों में रिले रेस, 100 मीटर दौड 200 मीटर दौड 400 मीटर दौड़ ऊंची कूद लंबी कूद भाला फेक गोला फेंक कराटे तीरंदाजी बैडमिंटन खेलों का आयोजन सीनियर एवं जूनियर वर्ग आयोजित किया गया। विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक का कार्यक्रम का प्रथम दिवस महिला वर्ग जूनियर एवं सीनियर का खेल आयोजित किया गया। द्वितीय दिवस 30 अक्टूबर को पुरुष वर्ग के जूनियर एवं सीनियर खेलों का समापन किया गया। शेष बचे फाइनल खेलों को अंतिम दिवस 31 अक्टूबर को महिला एवं पुरुष सीनियर एवं जूनियर का आयोजन किया गया । विजेता प्रतिभागी जिला स्तरीय ओलंपिक प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम कि अध्यक्षता अध्यक्ष जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर सुनाराम तेता, मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत भानुप्रतापपुर निखिल सिंह राठौड़ रहे।

### धान खरीदी संकट, एग्रीस्टैक पंजीयन में आई गिरावट

**जगदलपुर।** इस साल धान खरीदी शुरू होने से पहले ही बस्तर संभाग के किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें गहरी हो गई हैं। खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर बीत चुकी है। लेकिन हजारों किसान अब भी अपंजीकृत रह गए हैं। जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष 2,81,005 किसानों ने पंजीयन कराया था जबकि इस बार यह संख्या घटकर 2,52,110 रह गई है। यानी 28,895 किसानों का नाम सूची से बाहर हो गया है। यह स्थिति शासन और कृषि विभाग दोनों के लिए चिंता का विषय बन गई है। संभाग में 16,047 किसानों की व्यक्तिगत जानकारी अपूर्ण है। वहीं 5,102 किसानों के पंजीयन कैरीफॉरवर्ड नियमों के तहत निरस्त कर दिए गए हैं। कई किसानों के आवेदन त्रुटिपूर्ण दस्तावेजों के कारण अधूरे रह गए हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि बीत जाने से अब हजारों किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने के अधिकार से वंचित हो चुके हैं। किसानों की घटती संख्या को लेकर विपक्ष और किसान संगठनों ने सरकार पर आरोप लगाए हैं ।

## राज्योत्सव में 1408 हितग्राहियों ने किया सामूहिक गृह प्रवेश



**सरोना।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में उल्लास और गर्व का माहौल देखने को मिला। इस बार राज्योत्सव विशेष रहा, क्योंकि प्रदेश अपनी स्थापना के 25 वर्ष यानी रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है। इसी कड़ी में विकासखण्ड नरहरपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पूर्ण हो चुके आवासों में सामूहिक गृहप्रवेश का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में कुल 1408 हितग्राहियों ने अपने नवनिर्मित घरों में पारंपरिक विधि से गृहप्रवेश किया। ग्रामीणों ने अपने घरों को दीपों, रंगोलियों और फूलों से सजाया। चारों ओर उत्सव का माहौल था। घर-घर से खुशियों की गूंज सुनाई दे रही थी। परिवारों के चेहरों पर आत्मसंतोष और गर्व झलक रहा था कि अब उनके पास खुद का पक्का घर है, जो प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से संभव हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आवास योजना के तहत मिले खुशियों की चाबी, आभार पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए। गांव-गांव में जब हितग्राही अपने नए घरों में प्रवेश कर रहे थे, तब पूरा क्षेत्र दीपों की रौशनी से झिलमिला रहा था। हर घर में दीये जलाकर परिवारों ने न केवल गृहप्रवेश का जश्न मनाया बल्कि राज्योत्सव की खुशियों को भी साझा किया। ग्रामीणों ने कहा कि यह दिन उनके लिए किसी पर्व से कम नहीं है। स्थानीय प्रशासन ने इस अवसर पर बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत नरहरपुर विकासखण्ड में अब तक हजारों परिवारों को पक्के मकान का लाभ मिल चुका है और शेष पात्र परिवारों को भी शीघ्र लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

## जांच में 1812 वाहनों पर 52.75 लाख का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶। जगदलपुर

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता की टीम बस्तर संभाग के रायपुर, उड़ीसा, बीजापुर, किरंदुल, कोंटा आदि सड़कों में वाहनों की जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसमें अक्टूबर माह में 1812 वाहनों से लगभग 52 लाख 75 हजार 208 रुपए का जुर्माना किया गया। साथ ही जांच में 4 वाहन ओव्हरलोड मिले जिन पर 1.02 लाख राजस्व वसूला गया। इसके अलावा 1701 वाहनों से 21 लाख 94 हजार 200 रूपए, 73 वाहनों से 27 लाख 43 हजार 908 रूपए एवं 34 ई-चालान से 3 लाख 31 हजार 100 रूपए समझौता शुल्क लिया गया। सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, ओडिशा के वाहन परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिल रहे हैं, जिन पर सख्ती कार्रवाई की। इसके अलावा सड़कों में कैज व्हील लगी हुई ट्रैक्टर का संचालन किया जाना मोटर वाहन अधिनियम, नियमों के विरुद्ध है, जिससे दुर्घटना घटित होने की संभावना भी बढ़ जाती है। ऐसे कैज व्हील लगे ट्रैक्टरों का सघन जांच अभियान भी चलाया जा रहा है एवं नियमविरुद्ध वाहनों का संचालन करते हुए पाए जाने पर विभाग द्वारा चालानी कार्यवाही भी की जाएगी।

## देवउठनी एकादशी हर्षोल्लास से मनायी वैवाहिक एवं मांगलिक कार्य होंगे प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्गुकोंदल



सनातन परंपरा में कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष एकादशी को देवउठानी एकादशी या देवप्रबोधिनी एकादशी के रूप में बड़े श्रद्धाभाव से मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि आषाढ़ शुक्ल एकादशी से भगवान श्रीहरि विष्णु क्षीरसागर में योगनिद्रा में चले जाते हैं और चार महीने बाद कार्तिक शुक्ल एकादशी को जागृत होते हैं। इन चार महीनों को चातुर्मास कहा जाता है, जिसके दौरान विवाह, गृहप्रवेश सहित सभी मांगलिक कार्यों का आयोजन वर्जित माना जाता है। देवउठनी एकादशी के साथ ही पुनः शुभ कार्यों की शुरुआत मानी जाती है।

पंचांग के अनुसार इस वर्ष एकादशी तिथि 1 नवंबर शनिवार सुबह 9:11 बजे से प्रारंभ होकर 2 नवंबर रविवार सुबह 7:31 बजे तक रहा। शुक्रवार रात्रि और शनिवार को पूरे दिन एकादशी तिथि विद्यमान रहने के कारण 1 नवंबर का दिन व्रत, पूजा, देवउठान संस्कार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के लिए विशेष श्रेष्ठ माना गया। दुर्गुकोंदल क्षेत्र में देवउठनी एकादशी का पर्व इस वर्ष भी पूरी श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया और इसके साथ ही क्षेत्र में पुनः विवाह तथा अन्य मांगलिक कार्यों की शुरुआत होने जा रही है। अंचल के विभिन्न मंदिरों तथा घरों में भक्तों ने विधि-विधान से श्रीहरि का पुजन-अर्चन कर देवउठान का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। देवउठनी एकादशी पर तुलसी विवाह का विशेष आध्यात्मिक महत्व है। मान्यता के अनुसार इस दिन शालिग्राम भगवान और तुलसी माता का विवाह कराया जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालु गन्ने का मंडप सजाकर तुलसी जी को वधू तथा शालिग्राम को वर रूप में विराजित करते हैं। मंत्रोच्चार के साथ विवाह संस्कार संपन्न होने के पश्चात भजन, कीर्तन और प्रसाद वितरण का क्रम शुरू होता है।

तुलसी विवाह को लेकर स्थानीय बाजारों में गन्ने की खरीद में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखने को मिली। महिलाओं द्वारा पूजा सामग्री, फूल-माला, दीप, सजावटी सामग्री और घर-आंगन सजाने हेतु अन्य सामग्रियों की खरीदी से बाजारों में विशेष रौनक बनी रही। धार्मिक परंपराओं के अनुसार देवउठनी एकादशी का व्रत रखने, पूजा करने और तुलसी विवाह में सम्मिलित होने से घर-परिवार में सुख-समृद्धि, सौभाग्य और शांति की प्राप्ति होती है। यह पर्व समाज में सद्भाव, सहयोग, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना को भी प्रोत्साहित करता है।

## माहरा समाज के प्रयास से 2 सदस्य की घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जगदलपुर



बस्तर जिले के ग्राम पंचायत हाटगुड़ा विकासखंड जगदलपुर में माहरा समाज के एक परिवार के दो सदस्यों की घर वापसी हुई। जानकारी के अनुसार रजो नाग (45) और कुमारी नाग (20) पिछले पाँच वर्षों से ईसाई धर्म में शामिल थे। दोनों ने पुनः मूल हिन्दू धर्म को अपनाने का निर्णय लिया। घर वापसी कार्यक्रम माहरा समाज के नेतृत्व में आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाजजनों ने पारंपरिक विधि से दोनों का स्वागत कर समाज में सम्मिलित किया। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि धर्म, संस्कृति और परंपरा से जुड़ाव ही समाज की पहचान और अस्तित्व की नींव है। अपने मूल संस्कारों और परंपराओं को जीवित रखना ही समाज की असली शक्ति है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने सामाजिक एकता, भाईचारा और पारस्परिक सहयोग बनाए रखने का संकल्प लिया।

## दिवाली पर निर्धन बच्चों को कपड़े और अध्ययन सामग्री वितरित की



**दुर्गुकोंदल।** छोटा दीपावली एवं देवउठनी एकादशी के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेडो की जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी एवं व्याख्याता द्वारा गाँव के निर्धन एवं जरूरतमंद बच्चों के बीच कपड़े, कॉपी, पेन, पेंसिल तथा पटाखे वितरित कर खुशियाँ बाँटी गईं। यह कार्यक्रम बालिका उत्थान, शिक्षा जागरूकता और नारी चेतना को बढ़ावा देने की दिशा में शिक्षिका द्वारा निरंतर किए जा रहे सामाजिक कार्यों की एक कड़ी रहा।

गाँव के कई बच्चे आर्थिक कमजोरी और संसाधनों की कमी के कारण बुनियादी सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। ऐसे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने और शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से वे हर वर्ष त्यौहारों और विभिन्न अवसरों पर बच्चों को कपड़े और अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराती हैं। उनका कहना है कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें शिक्षा से जोड़ना ही सच्ची सेवा है। इस विशेष अवसर पर शिक्षिका ने बालिकाओं के बीच विशेष रूप से नए कपड़े, कॉपी, पेन, पेंसिल आदि वितरण कर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने बताया कि बालिकाओं का शिक्षित होना परिवार और समाज दोनों की उन्नति का आधार है। इसलिए उनका लक्ष्य है कि गाँव की हर बालिका आत्मनिर्भर और शिक्षित बने। बच्चों ने नए कपड़ों और सामग्री को पाकर हर्ष एवं उल्लास व्यक्त किया। उनके चेहरे पर आई मुस्कान ने माहौल को और अधिक आनंदमय बना दिया। गाँव के अभिभावकों और ग्रामीणों ने भी इस मानवीय पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। इस अवसर पर शिक्षिका ने समाज से अपील की कि हम सभी अपने आसपास ऐसे बच्चों की पहचान करें जिन्हें सहयोग की आवश्यकता है। यदि हम प्रत्येक व्यक्ति किसी एक बच्चे की सहायता करें तो कोई भी बच्चा शिक्षा और खुशी से वंचित नहीं रहेगा।

त्यौहार की असली खुशी तभी है जब हम अपनी खुशियाँ दूसरों के साथ बाँटें। शिक्षिका का यह कदम न केवल मानवीय संवेदनाओं को दर्शाता है, बल्कि समाज में शिक्षा, सहयोग और संवेदना की भावना को भी मजबूत करता है। उनकी यह पहल निश्चित रूप से कई लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बनी रहेगी।

# एग्रीस्टेक पंजीयन अवधि बढ़ाने की मांग सीएम से किसान मोर्चा ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर




भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात करते अवगत कराया कि प्रदेश के हमारे अन्नदाता किसानों को एग्री-स्केट पंजीयन जो समय अवधि 31 अक्टूबर अंतिम तिथि थी, जिसके कारण बहुत से किसान पंजीकरण नहीं कर पाएं है। पंजीयन में तकनीकि त्रुटिया काफी आ रही है, जिसके कारण प्रदेश में बड़ी संख्या में किसानों का एग्री-स्केट पंजीयन नही करा पाए है जिसके चलते उन्हें इस वर्ष धान विक्रय से वंचित होना पड़ेगा। इसलिए पंजीयन की तिथि बढ़ाने की माँग किया है।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने सीएम से एग्री-स्टेक पंजीयन की समय अवधि को बढ़ाया जाने की माँग किया, जिसमे बेहद सहजता पूर्वक प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विश्वास दिलाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के साथ खड़ी हुई है उनकी सभी समस्याओं का निराकरण करना हमारा नैतिक जिम्मेदारी है, उन्होने एग्री-स्केट पंजीयन की समय अवधि को बढ़ाने का आश्वासन दिया। भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष ने पदभार संभालते ही निरंतर किसान हित के कार्यों में लगे हुए जो भी दिक्कतें अन्नदाता किसानों को आ रही है, उनकी सभी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का अथक प्रयास किया जा रहा है। डिजिटल क्रॉप सर्वे गिरदावरी पीवी एप पंजीयन अवधि 31 अक्टूबर अंतिम तिथि थी, उसमें भी मुख्यमंत्री से निवेदन करते हुए 30 नवंबर तक समय अवधि को बढ़ाने का आग्रह किया था, जिसमें समय अवधि को बढ़ाया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




